तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 14 मई 2025



12 अतिथि व्याख्याताओं ने नियमितिकरण और समान वेतन की ...



11 मीनामाता चौक में उनकी प्रतिमा की स्थापना ...





## खबर संक्षेप

### मकान में मिला शव जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** मकान के भीतर युवक की नग्न हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घर पर उसकी पत्नी और बच्चे तीन दिन पहले ही मायके गए हुए है। बदबू आने पर मकान का दरवाजा खोला गया, तो शव बरामद हुआ। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना उतई थाना क्षेत्र के डूमरडीह का है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि शव ग्राम डूमरडीह निवासी मुख्तार सिंह सतनामी 52 का है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि जिस मकान में लाश मिली है। वो मुख्तार का मकान था। अपनी पत्नी शांति और दो बच्चों के साथ यहां निवास करता था। पुलिस परिजनों को सूचना देकर बुलाया है। पत्नी शांति के मुताबिक मुख्तार को शुगर और बीपी की शिकायत थी। वो बीमार भी रहता था। पुलिस को संदेह है कि रात में अकेले घर के भीतर रहा होगा और अटैक आने पर उसे समय पर इलाज नहीं मिला। जिससे उसकी मौत हो गई होगी।

### ठगी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** ऑनलाइन ठगी करने वाले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 140 बी, मैत्री विहार कोहका भिलाई निवासी खिलेश्वरी उर्फ पिंकी ने शिकायत किया। जिसमें आरोपी ग्राम परसदा साहू पारा पोस्ट डंगनिया बालोद निवासी देवर योभिजीत साहू ने नगदी व ऑनलाईन 7 लाख 50 हजार रुपए की ठगी किया।

अभियान : दोनों विकासखंडों के 6,280 से अधिक आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

# बालोद जिले में सुशासन तिहार बना जन समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा आमजनता की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण सोमवार को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सुरेगांव और गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम ओड़ारसकरी में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 6,280 से अधिक आवेदनों का मौके पर परीक्षण कर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया गया।

सुरेगांव शिविर में 23 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जबकि ओड़ारसकरी शिविर में 13 पंचायतों के निवासियों ने आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, आवास योजना की

### हितग्राहियों को मिली योजनाओं की सौगातें





स्वीकृति पत्र, उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक, मछली पालन से संबंधित सामग्री, वृद्धजन उपकरणों सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती माताओं को गोदभराई रस्म और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार करवाया। साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

ये रहे उपस्थि

सुरेगांव शिविर में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। वहीं ओड़ारसकरी शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चन्द्राकर आदि ने शिविर में हिस्सा लिया।

### कलेक्टर ने की पौधारोपण की अपील

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति इस बात का प्रतीक है कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं। उन्होंने बताया कि सभी आवेदनों का दो-स्तरीय परीक्षण किया गया और उनका गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित किया गया। कलेक्टर मिश्रा ने जल संकट को गंभीरता से लिया और जिलेवासियों से पानी के संरक्षण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, रैन वाटर हार्वेस्टिंग तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण की अपील की।

### सुशासन तिहार की करी सराहना

गुण्डरदेही में जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्राकर और जनपद अध्यक्ष चन्द्राकर ने सुशासन तिहार की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पहल से अब ग्रामीणों को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे, जिससे उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है।

### आवेदनों का हुआ त्वरित समाधान

सुरेगांव में कुल 3,022 आवेदन और ओड़ारसकरी में 3,258 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन शामिल थे, जैसे कृषि, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, महिला बाल विकास, राजस्व, विद्युत, समाज कल्याण, पशुधन, मछली पालन, श्रम, पीएचई, लोक निर्माण और सहकारिता। सभी विभागों ने मौके पर आवेदनों का त्वरित समाधान किया।

# मोबाइल लौटाने के बदले पैसे मांगना पड़ा महंगा युवक की चाकू मारकर हत्या




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिचबोड़ में रविवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक ने एक गुम हुए मोबाइल फोन को लौटाने के बदले खर्चे के लिए 100–50 रुपए की मांग की थी, जो

- ग्राम चिचबोड़ में बारात के बाद हुआ विवाद पांच नाबालिग सहित आठ आरोपी गिरफ्तार



आरोपियों को नागवार गुजरी और इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नाबालिग सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन आरोपियों को जेल भेजा गया, जबकि पांच नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**फोन लौटाने पर पैसों की मांग से भड़के युवक, कर दी हत्या:** पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक रामप्रसाद (निवासी मरहीकापा ▶▶| शेष पेज 11 पर



### 500 रुपए खर्चे का जिक्र बना हत्या की वजह

गांव में यह चर्चा भी रही कि दूल्हे के एक रिश्तेदार ने रामप्रसाद को 500 रुपये खर्च के लिए दिए थे, जिससे वह शराब लेने हल्दी शराब भट्टी की ओर निकला था। रास्ते में ही आरोपी युवक और उसके साथी पहले से घात लगाए बैठे थे। ग्राम चिचबोड़ के चोवाराम साहू के घर के पास पुल के पास मृतक और उसके साथी सतीश कुमार को घेरकर आरोपियों ने हाथ, लात और चाकू से हमला किया। रामप्रसाद के सिर, पसली और कमर पर चाकू से वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने हत्या के आरोप में किया मामला दर्ज

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना गुण्डरदेही में धारा 194 बीएनएस और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हत्या की मंशा से हमला किया ▶▶| शेष पेज 11 पर




# अतिथि व्याख्याताओं ने नियमितीकरण और समान वेतन की मांग को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे अतिथि व्याख्याताओं ने मंगलवार को अपनी समस्याओं को लेकर मोर्चा खोल दिया। पीएचडी, नेट, और सेट कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और नियमितिकरण, समान कार्य समान वेतन, तथा नीति में सुधार की मांग की। इस ज्ञापन में जिले के अतिथि व्याख्याताओं ने भी भाग लिया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में कार्यरत अधिकांश अतिथि व्याख्याता यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताओं जैसे पीएचडी, नेट, और सेट से सुशोभित हैं और ये व्याख्याता कई वर्षों से प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद न तो इन्हें स्थायीत्व प्राप्त हुआ है और न ही इन्हें न्यायसंगत वेतन मिल रहा है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि मध्यप्रदेश जैसे राज्य में महाविद्यालयीन अतिथि व्याख्याताओं को एकमुश्त वेतन दिया जा रहा है और उनकी सेवा को सम्मानित किया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में आज भी अतिथि व्याख्याताओं के लिए कोई स्थायी नीति नहीं बनाई गई है, जिससे वे खुद को शोशित और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

■ अतिथि व्याख्याताओं ने रायपुर सांसद को सौंपा ज्ञापन

## अतिथि व्याख्याताओं ने सांसद से की स्थायीत्व और नीति में सुधार की मांग

### उच्च शिक्षा विभाग की उदासीनता से बढ़ा असंतोष

अतिथि व्याख्याताओं ने यह भी बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इसके अलावा, समान कार्य, समान वेतन के न्यायालयीय निर्देश का भी पालन नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि मतदान दिवस के वेतन का भुगतान भी शासन आदेश के बावजूद नहीं हुआ है। व्याख्याताओं का कहना है कि राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बार-बार नजरअंदाज किया गया है, जिस कारण उनका असंतोष लगातार बढ़ रहा है।



### सांसद ने दिया समस्याओं को उठाने का आश्वासन

ज्ञापन के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अतिथि व्याख्याताओं की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाएंगे और समाधान के लिए ठोस प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप



### कुसुमकसा क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों की हो रही बढ़ोतरी, प्रशासन मौन

**कुसुमकसा।** आसपास के ग्रामीण इलाकों में अवैध ईंट भट्टों का संचालन लगातार बढ़ता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बिना चिमनी व पर्यावरण स्वीकृति के भट्टे खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इन ईंट भट्टों में अवैध मिट्टी व जंगलों से लकड़ी का प्रयोग कर हजारों ईंटें तैयार की जा रही हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुँच रही है। वहीं, सरकारी जमीनों पर अवैध खनन और कृषि पंपों के जल का दुरुपयोग कर सरकार को करोड़ों के राजस्व की हानि भी हो रही है। जिम्मेदारों की निष्क्रियता और मिलीभगत ने इन अवैध धंधों को बढ़ावा दिया है।

### मोक्षा बाफना ने 95% अंक प्राप्त कर कुसुमकसा का नाम किया रोशन

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा निवासी व विश्वदीप विद्यालय, दुर्ग की छात्रा मोक्षा बाफना ने सीबीएसई 12वीं वाणिज्य संकाय में 95% अंक अर्जित कर ग्राम और परिवार को गौरवान्वित किया है। मोक्षा, किशोर बाफना व शिल्पा बाफना की सुपुत्री हैं। मेधावी मोक्षा ने कक्षा 10वीं तक की शिक्षा निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल, दल्लीराजहरा से प्राप्त की थी। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इन्होंने दी बधाई प्रेमचंद जैन (अध्यक्ष, जैन श्री संघ कुसुमकसा), अनिल सुथार (पूर्व जनपद सदस्य), डॉ. भूपेंद्र मिश्रा, कंवरलाल कुचेरिया, नितिन जैन (उपसरपंच), दिलीप सिन्हा, कन्हैयालाल भौसार्य, राजू सिन्हा, विनोद सोनी, मनीष जेठवानी, पुष्पजीत बैस, मुकेश गुणधर, संतोष जैन, देवराज, मोतीलाल कुचेरिया, योगेंद्र सिन्हा (अध्यक्ष, भाजपा मंडल कुसुमकसा) सहित अनेक ग्रामवासियों, परिजनों व गुरुजनों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



### आयरन लोड कर गबन करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** रसमड़ा स्थित सुविधी इस्पात फैक्ट्री से निर्धारित से ज्यादा आयरन लोड कर गबन करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ट्रक सीजी 04 एमसी 6647 के चालक अमन सिंह और सुविधी इस्पात कंपनी के माल लोडिंग कर्मी निखिल राजपूत, मुकेश निषाद ने मिलकर गबन का पूरा षड़यंत्र रचा। कांटाशुदा स्पंज आयरन 49.56 टन के अतिरिक्त कंपनी की जानकारी के बिना चोरी-छिपे कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। 5.24 टन स्पंज आयरन कीमत 1.20 लाख रुपए को ट्रक में अधिक मॉल भरकर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316(4),3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## गौ माता की महाआरती के साथ चुल्हापथरा से रवाना हुआ जागरूकता रथ

# गुरूर में श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला ने किया सात दिवसीय गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

श्रीकृष्ण गोपाल गौशाला चुल्हापथरा द्वारा सात दिवसीय गौ ग्राम जनजागरण यात्र मंगलवार को प्रारंभ हुई। यात्र के प्रथम दिवस गौ रथ 9 ग्रामो मे पहुंचा। रथ यात्र को लेकर तेजगर्मी के बाद भी ग्रामीणो मे जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू ने माता शीतला की पूजा अर्चना पश्चात गौ माता की महाआरती कर गौ रथ को रवाना किया। रथ यात्र शुभारंभ अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू ने कहा गौ ग्राम जन जागरण यात्र आज की आवश्यकता हो गई है। घरो, परिवार के सदस्य के रूप मे गौ माता रहे, गौ आधारित कृशि हो, गौ माता के संबंध मे आम जनता की भ्रांतियां दूर हो। मै गौ आधारित कृशि एवं बाड़ी से उत्पादित अन्य सब्जीयो को किसान से बाजार मे अधिक दाम मे लेने को तैयार हूं। कार्यक्रम में पशु सखी मंदाकनी मंडावी, कृशि सखी किर्ती जामुलकर, सक्रिय महिला चद्रिरका जामुलकर, भीशम बाल यादव सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे। यात्र आज 14 मई को सुबह 9 बजे बोहारडीह, 10 बजे कुलिया, 11 बजे नवागांव, 12 बजे भेजामैदानी, 1 बजे कनेरी, 3 बजे कुम्हारखान, 4 बजे पुरूर, 5 बजे आनंदपुर, 6 बले पुरूर सप्ताहिक बाजार मे महाआरती की जाएगी।



**गौपालकों का हुआ सम्मान:** ग्राम चुल्हापथरा मे सबसे अधिक गौ पालन करने वाले पुरूशोत्तम साहू का एवं ग्राम सोनईडोंगरी मे पूरन लाल मंडावी का सम्मान किया गया। ग्राम सोनईडोंगरी मे सरपंच जागृति खिलावन साहू ने कहा गौ माता हमारी संस्कृति का आधार है, हम गौ पालन करने के साथ गौ आधारित कृशि को बढ़ावा देना होगा।

### जहां है गौशाला, वहां दिखे परिवर्तन

ईशा प्रकाश साहू ने कहा जहां गौशाला स्थित है उस ग्राम मे परिवर्तन का असर दिखना चाहिए। गौ शाला का असर ग्राम की संस्कृति, कृशि, बौद्विक क्षमता पर दिखना चाहिए। चुल्हापथरा को सौभाग्य मिला है कि पविर्तन का संदेश लेकर उनके ग्राम से रथ ग्रामो मे जा रहा है। उन्होने गौ मूत्र गोबर से मानव जीवन मे पड़ने वाले लाभकारी असर का भी विस्तार से वर्णन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा प्रत्येक व्यक्ति का अपने घर मे गौ पालन की दिशा मे व्यवस्था करना चाहिए मै अपने घर मे गौ पालन का संकल्प लेता हूं। सभा को सरपंच तेजराम साहू, ग्रामीण समिति अध्यक्ष खेमलाल साहू ने भी संबोधित किया। ग्राम के बैगा शीतला माता मंदिर मे पूजा कर यात्र की सफलता के लिए मंगलकामनाए की।

# गल्ला तोड़कर 1.20 लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में बालोद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने झलमला स्थित देवांगन कृषि केंद्र की दुकान का गल्ला तोड़कर 1,20,000 की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5,000 नगद, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और घटना के समय पहने गए कपड़े जब्त किए हैं। घटना 3 मई की रात की है, जब अज्ञात चोरों ने झलमला के कृषि केंद्र की दुकान में घुसकर गल्ले का लॉक तोड़ 1.20 लाख की नगदी चोरी कर ली थी। इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर थाना बालोद में भारतीय न्याय संहिता की धारा 305, 331(3), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया।

**त्रिनयन एप से मिला सुराग :** मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बालोद एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। त्रिनयन एप की मदद से दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया, जिसमें दो संदिग्ध युवक कैमरे में कैद हुए। इनमें से एक की पहचान कोहका, भिलाई निवासी मोहम्मद जुनैद (20) के रूप में हुई। आरोपी के बारे में जानकारी मिली कि वह अमृतसर गया हुआ है। वापसी पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

**न्यायिक रिमांड पर भेजे गए आरोपी :** पुलिस ने मोहम्मद जुनैद के साथी मोहम्मद अदनान खान (23) को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। बालोद पुलिस ने बताया कि तकनीकी सहायता, सीसीटीवी विश्लेषण और सतर्क टीम की बदौलत यह गिरफ्तारी संभव हो सकी है। भविष्य में भी इसी तरह के मामलों पर कड़ी निगरानी और कार्यवाही की जाएगी।

# पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में समर कैंप का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में 13 मई से समर कैंप का शुभारंभ हुआ। यह समर कैंप 13 मई से 22 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों की बहुआयामी प्रतिभाओं को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पहले दिन का आयोजन मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात योगाभ्यास कराया गया, जिसका संचालन योग शिक्षक खिलेन्द्र यादव ने किया। स्पोकन इंग्लिश की कक्षा में कमल नारायण सोनी द्वारा बच्चों को दैनिक जीवन में उपयोगी अंग्रेजी शब्दों और वाक्यों की जानकारी दी गई। आर्ट एंड क्राफ्ट सत्र में गिरवर लाल साहू ने बच्चों को रंग-बिरंगे फूल, गुलदस्ता, पेन मेकर और ग्रीटिंग कार्ड बनाना सिखाया। पेंटिंग के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता को भी दिशा दी गई। संगीत कक्षा में बच्चों को हारमोनियम और की-बोर्ड (केशियो) बजाने का अभ्यास कराया गया। संगीत शिक्षक खिलेन्द्र यादव ने सुरों की जानकारी दी। आज लगभग 80 बच्चों ने इस समर कैंप में भाग लिया। नाश्ते में गरमा गरम पोहा और जलेबी परोसी गई, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह से खाया।



इस अवसर पर प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, विजेता सूर्यवंशी एवं चमेली ठाकुर ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह समर कैंप बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक सुनहरा अवसर है, जिसे सभी को पूरी तरह से उपयोग में लाना चाहिए।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि बाइक सीजी 07 सीटी 5837 में अवैध रूप से प्लास्टिक बोरी में शराब भरकर बाइक के सामने रखकर दादर से नंदौरी लेकर जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दादर रोड जय स्तंभ चौक के पास रोड किनारे युवक को पकड़ लिया। पूछताछ पर अपना नाम दानिक वर्मा बताया है। उसके पास से पुलिस ने 70 पौवा मदिरा प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरा हुआ मिला। शराब की कीमत 7 हजार रुपए आंकी गई। बाइक की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज और उनकी टीम का योगदान था।







